State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्,छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com

क्रमांक / परिषद् / SCERT/ODL/ 2019 / 673 रायपुर, दिनांक 22.02.2019

प्रति,

समस्त अध्ययन केन्द्र

दूरस्थ शिक्षा–SCERTCG-NIOS

PDPET for B.Ed. Teachers (ब्रिज कोर्स) पाठ्यक्रम

विषयः–SCERTCG-NIOS द्वारा संचालित PDPET (ब्रिज कोर्स) पाठ्यक्रम हेतु 10 दिवस अतिरिक्त सम्पर्क कक्षाएं (Contact Program) आयोजित करने बाबत।

---000---

SCERTCG-NIOS द्वारा दूरस्थ माध्यम से PDPET for B.Ed. Teachers (ब्रिज कोर्स) पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। PDPET (ब्रिज कोर्स) पाठ्यक्रम हेतु 10 दिवस अतिरिक्त सम्पर्क कक्षाएं (Personal Contact Program) का आयोजन किया जाना है।

संपर्क कक्षाओं के संचालन हेतु दिशा निर्देश –

1. PDPET (ब्रिज कोर्स) पाठ्यक्रम में मॉडल स्टडी सेंटर हेतु केन्द्र प्रभारी, डाटा ऑपरेटर, प्यून के अतिरिक्त प्रतिदिवस केवल दो स्रोत व्यक्तियों के मानदेय का प्रावधान किया गया है। मानदेय की पात्रता अधिकतम 10 दिवस की होगी।
2. आवश्यकतानुसार अध्ययन केन्द्र प्रभारी पर्यवेक्षक (Supervisor) एवं वरिष्ठ स्रोत व्यक्ति / स्रोत व्यक्ति मेंटर (Mentor) के रूप में असाइनमेंट का मूल्यांकन भी करेंगे।
3. 10 संपर्क कक्षाओं का आयोजन दिनांक 25 फरवरी 2019 से 11 मार्च 2019 के मध्य 10 दिवस हेतु आयोजित किया जायेगा।
4. संपर्क कक्षाओं की तिथियों में स्थानीय परिस्थितियों /लोक सभा निर्वाचन प्रशिक्षण के अनुसार दूरस्थ अध्ययन केन्द्र प्रभारी तिथियों में परिवर्तन कर सकते हैं, परिवर्तन की स्थिति में सूचना संबंधित प्रशिक्षार्थियों, संबंधित प्राचार्य डाइट एवं क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान रायपुर का देवें।
5. स्थानीय परिस्थियों के अनुसार यदि सम्भव हो तो सम्पर्क कक्षायें लगातार 10 दिवस संचालित की जा सकती है।
6. राज्य स्तर से प्रशिक्षार्थियों को सूचना दी जा रही परंतु फिर भी अपने क्षेत्राधिकार के समस्त अध्ययन केन्द्रों को 10 दिवस अतिरिक्त सम्पर्क कक्षाएं (Contact Program) आयोजित करने के बारे में सूचित करें तथा प्रशिक्षण आयोजित करें।
7. सभी प्रशिक्षार्थी परीक्षा की पात्रता हेतु न्यूनतम 75% उपस्थिति पूर्ण करने हेतु मॉडल स्टडी सेंटर में उपस्थित होंगे अर्थात् किसी प्रशिक्षार्थी का अपने अध्ययन केन्द्र में 07 दिवस से कम, जितने दिनों की उपस्थिति होगी उसकी प्रतिपूर्ति मॉडल स्टडी सेंटर द्वारा की जायेगी एवं उपस्थिति प्रमाण पत्र (डाइट में उपस्थिति का) लिखित में प्राचार्य डाइट द्वारा जारी किया जायेगा।
8. संपर्क कक्षाओं की अध्ययन सामग्री http://dledbr.nios.ac.in तथा http://scert.cg.gov.in में इलेक्ट्रानिक माध्यम में उपलब्ध है इसका उपयोग किया जाना है।

9. संपर्क कक्षाओं की समय–सारणी अध्ययन केन्द्र स्तर पर ही निर्धारित किया जाना है। इस हेतु राज्य स्तर से समय–सारणी उपलब्ध नहीं करायी जायेगी।

10. सभी प्रशिक्षार्थियों को सूचित हो कि स्वयंप्रभा डी.टी.एच. के चैनल क्रमांक 32 पर 24 x 7 विडियो लेक्चर का प्रसारण किया जा रहा है।

11. आवश्यकतानुसार असाइनमेंट अंग्रेजी माध्यम वाले प्रशिक्षार्थी अंग्रेजी में एवं हिन्दी माध्यम वाले प्रशिक्षार्थी हिन्दी में, हस्तलिखित सादे कागज (लाईन वाली अथवा कोरे) में जमा करेंगे।

संलग्नः मॉडल स्टडी सेंटर की सूची

(डॉ. सुनीता जैन)
अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छत्तीसगढ़

पृ. क्रमांक / परिषद् / SCERT/ODL/ 2019 / 674 रायपुर, दिनांक 22.02.2019

प्रतिलिपि –

1. अध्यक्ष, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान, नई दिल्ली।
2. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर।
3. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर को सूचनार्थ।
4. प्रबंध संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायपुर को सूचनार्थ।
5. समस्त कलेक्टर को सूचनार्थ।
6. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान, रायपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. डी.पी.सी.सी., पश्चिम क्षेत्र , नोएडा
8. प्राचार्य, डाइट .... को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. जिला शिक्षा अधिकारी .... को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छत्तीसगढ़

SCERTCG-NIOS द्वारा संचालित PDPET (ब्रिज कोर्स) पाठ्यक्रम में मॉडल स्टडी सेंटर की सूची

क्रमांक	डाइट का नाम	अभियुक्ति
1	डाइट रायपुर	
2	डाइट बेमेतरा	
3	डाइट खैरागढ़	
4	डाइट कबीरधाम	
5	डाइट पेंड्रा	
6	डाइट जांजगीर	
7	डाइट कोरबा	
8	डाइट धर्मजयगढ़	
9	डाइट कोरिया	
10	डाइट जशपुर	
11	डाइट अम्बिकापुर	
12	डाइट महासमुन्द	
13	डाइट नगरी	
14	डाइट कांकेर	
15	डाइट बस्तर	
16	डाइट दन्तेवाड़ा	
17	डाइट दुर्ग	
18	डाइट नारायणपुर	
19	डाइट बीजापुर	

अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छत्तीसगढ़